अभिप्रेरणा केन्द्र

बेबसाईट:- www.swagyonmandir.org

(स्वास्थ्य- आनन्द- ज्ञान-मंदिर द्वारा संचालित) ,

संम्पक नम्बर:-7033678658,9431865013

चेतना नगर, मौरा- झहुरा (दीघिया)

थाना -निर्मली, जिला- सुपौल (बिहार)

-: सूचना:-

बच्चों के शिक्षण, अनुश्रवण, मार्गदर्शन एवं मोटिवेशन हेतु स्थापित अनुश्रवण केन्द्र द्वारा प्रथम चरण में कक्षा -4 में अध्ययनरत छात्र- छात्राओं के लिए संस्था के वेवसाईट- www.swagyanmandir.org पर दिनांक :-18-12-2022 (रविवार) से ऑन -लाईन रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ हो रही है। दिनांक-18/12/2022 से 15/01/2023 तक कक्षा -04 में अध्ययनरत जितने भी छात्र- छात्राओं का रजिस्ट्रेशन होगा, उसमें से निर्धारित संख्या में बच्चों के चयन हेतु दिनांक :-22-01-2023 (रविवार) के पूर्वाहन 11:00 बजे से उच्च माध्यमिक विद्यालय दोमुहान (बेला) प्रखण्ड -निर्मली, जिला:- सुपौल के प्रांगण में दो घंटे (2 hr) की परीक्षा ली जाएगी।परीक्षा में बिहार स्टेट टेक्स्टबुक्स कॉरपोरेशन ,पटना (राज्य सरकार) द्वारा साकारी विद्यालय के लिए प्रकाशित कक्षा-4 तक के गणित, हिन्दी एवं सामान्य जानकारी से संबंधित कुल-60 (साठ) प्रश्न पूछे जाएंगे, जिसका विवरण निम्नवत है :-

@ सामान्य गणित :- 25 प्रश्न (कक्षा-1,2,3 एवं 4 के गणित की पुस्तक से)

@ सामान्य हिन्दी :- 20 प्रश्न (कक्षा -1,2,3 एवं 4 के हिन्दी की पुस्तक से)

@ सामान्य जानकारी :- 15 प्रश्न (कक्षा -4 के विद्यार्थियों को जानने योग्य जेनरल नॉलेज से संबंधित सामान्य प्रश्न)

<u>कुल- 60 प्रश्न</u>

आयोजित परीक्षा मे प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए 4 (चार) उत्तर में से सही उत्तर चुनकर उस पर सही चिहन (✓) लगाना होगा।

दिनांक :-22-01-2023(रविवार) को उच्च माध्यमिक विद्यालय दोमुहान (बेला) में आयोजित चयन परीक्षा में भाग लेने हेतु दिनांक :-18-12-2022 से 15 - 01-2023 तक ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन फार्म भरने वाले सभी छात्र-छात्राओं का प्रवेश पत्र दिनांक 18-01-2023 से समिति के वेवसाईट www.swagyanmandir. org पर उपलब्ध रहेगा, जिसका प्रिंट निकाल कर अपना पासपोर्ट साईज का एक फोटो चिपका कर लाना होगा। परीक्षा में भाग लेने हेतु निर्धारित समय 11:00 बजे से आधा घंटा पहले 10:30 तक निर्धारित स्थान पर पहुंचना आवश्यक हैं।

महत्वपूर्ण तिथियाँ :

दिनांक	निर्धारित कार्यक्रम
18-12-2022 से 15-01-2023	कक्षा **4** में अध्ययनरत छात्र - छात्राओं का चयन परीक्षा में भाग लेने हेतु रजिस्ट्रेशन
18-01-2023	वेवसाईट पर प्रवेश - पत्र उपलब्ध होगा, जिसे डाउनलोड कर प्रिंट लेकर उस पर एक फोटो चिपकाकर लाना होगा।
22-01-2023	**उच्च माध्यमिक विद्यालय दोमुहान (बेला**) प्रखण्ड - निर्मली, जिला - सुपौल में चयन परीक्षा का आयोजन , पूर्वाहन् **11:00** बजे से अपराहन **01:00** बजे तक
27-01-2023	वेवसाईट पर परीक्षा परिणाम का प्रकाशन
29-01-2023	पूर्वाहन **11:00** बजे अभिप्रेरणा केन्द्र का शुभारंभ एवं चयनित छात्र-छात्राओं का अभिप्रेरणा केन्द्र में काउंसलिग , जिसमें माता-पिता अथवा अभिभावक (पति- पत्नि दोनों) का भाग लेना आवश्यक होगा।
30-01-2023 से 31-01-2023	नामांकन हेतु निर्धारित अवधि ।
01-02-2023 से 04/02/23	छात्र-छात्राओं का मोटिवेशन एवं मार्गदर्शन ।
05-02-2023	शिक्षण कार्य प्रारम्भ (पूर्वाहन **08:00** बजे से अपराहन **01:00** बजे तक)

👉 ऑनलाइन फॉर्म का लिंक

नोटः **1.** नामांकन के समय छात्र - छात्राओं का जन्म - प्रमाण पत्र समर्पित करना होगा, जिसके नहीं रहने पर उन्हें **30** दिन का समय दिया जा सकता है।

2. नामांकन के समय पासपोर्ट साईज का दो फोटो जमा करना होगा।

3. विभिन्न प्रक्रियाओं के लिए निर्धारित तिथियों में परिवर्तन का कोई अनुरोध स्वीकार्य नहीं होगा। परन्तु विशेष स्थिति में इसमें परिवर्तन का सार्वाधिकार समिति के पास सुरक्षित रहेगा।

प्रकाश मणि विश्वास

मुख्य प्रेरक अभिप्रेरणा केन्द्र